Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

ब्रैम्पटन फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज, फायर मार्शल के ऑफिस के द्वारा संचालित, *सेवड बाइ द बीप (Saved by the Beep)* में हिस्सा ले रहा है

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (6 सितम्बर, 2023) – आग से सुरक्षा और तैयारी के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, ओनटैरियो के पहले *टेस्ट योर स्मोक अलार्म डे (Test Your Smoke Alarm Day)* में हिस्सा ले रही है, जो फायर मार्शल के ऑफिस (ओ.एफ.एम.) (Office of the Fire Marshal) (OFM) के द्वारा, 28 सितम्बर को संचालित किया जा रहा है।

प्रांत में आग से होने वाली मौतें बढ़ने से, ओ.एफ.एम. (OFM) ने एक जानकारी अभियान, *सेवड बाइ द बीप (Saved by the Beep)* तैयार किया है, यह निवासियों को सलाह देता है कि वे अपने घरों को आग से अधिक सुरक्षित बनाने के लिए अपने धुएं के अलार्म टेस्ट करें और उचित कार्रवाईयां करें।

ब्रैम्पटन फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज (Brampton Fire and Emergency Services), *सेवड बाइ द बीप* में हिस्सा ले रहा है, जिसमें वह निवासियों को धुएं के चालू अलार्मों, कार्बन मोनोऑक्साइड अलार्मों और घर से बचकर निकलने की योजना के महत्व के बारे में जानकारी देगा।

पूरा सितम्बर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन और बी.एफ.ई.एस. (BFES), सोशल मीडिया पर जानकारी साझा करेंगे और घर में आग से सुरक्षा के महत्व के बारे में चर्चा करने के लिए व्यक्तिगत कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। साथ ही, वे यह सुनिश्चित करने के लिए निवासियों को सुझाव देंगे कि आग लगने की स्थिति में वे तैयार हैं।

फायरफाइटर के साथ कॉफी पीने के लिए हमसे जुड़ें

क्या: स्पार्की (Sparky) फायर डॉग को मिलें और *टेस्ट योर स्मोक अलार्म डे (Test Your Smoke Alarm Day)* के बारे में और धुएं के चालू अलार्मों और आग से सुरक्षा के महत्व के बारे में जानें:

तारीख: शुक्रवार, 22 सितम्बर

समय: सुबह 9 बजे से 11 बजे तक

स्थान: मेकडॉनल्ड्स, 160 सैंडलवुड पार्कवे ईस्ट (McDonalds, 160 Sandalwood Parkway East)

जागरूकता फैलाने के लिए, बी.एफ.ई.एस., निवासियों को अपनी *सेवड बाइ द बीप* डांस चुनौती में शामिल होने के लिए सोशल मीडिया पर चुनौती दे रहा है। उन्होंने ऐसा डांस तैयार किया है, जो हर उम्र और क्षमताओं वाले लोगों के लिए आसान है। धुएं के अलार्म संबंधी सुरक्षा के लिए जागरूकता फैलाने में मदद करने हेतु, यह दर्शाते हुए वीडियो बनाएं कि आप बीप को कैसे टेस्ट करते हैं और उसे #SavedByTheBeep का प्रयोग करते हुए सोशल मीडिया पर साझा करें। @citybrampton Instagram पर डांस (dance) देखें।

The Corporation of The City of Brampton
2 Wellington Street West, Brampton, ON L6Y 4R2 311 TTY: 905.874.2130

अधिक जानकारी, आग से सुरक्षा संबंधी सुझावों और यह जानने के लिए कि अपने घर को आग से अधिक सुरक्षित कैसे बनाया जाए, www.bramptonfire.com पर जाएं।

हवाले

“आग से सुरक्षा एक ऐसा विषय है, जिसके बारे में अधिक चर्चा करने की जरूरत है। धुएं के अलार्म ज़िंदगियां बचाते हैं और पूरे प्रांत में लोगों को यह याद दिलाने के लिए एक दिन तैयार करना कि वे अपने घरों में धुएं के अलार्म टेस्ट करें, आग लगने की स्थिति में हमारे निवासियों को बचाने का एक कदम है। मुझे इस शानदार अभियान का हिस्सा होने पर और आग से सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए बहुत खुशी है”

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“हम सेवड बाइ द बीप (Saved by the Beep) अभियान में हिस्सा लेने पर बेहद खुश हैं। धुएं के अलार्म ज़िंदगियां बचाते हैं और निवासियों को महीने में एक बार उनके धुएं के अलार्म टेस्ट करने के बारे में याद दिलाना, उन्हें सुरक्षित रखने में मदद करेगा। हम निवासियों को यह भी सलाह देते हैं कि वे घर से बचकर निकलने की योजना बनाकर आग लगने की स्थिति में तैयार रहें। आग लगने पर प्रत्येक सेकंड कीमती होता है और तैयारी करने से ज़िंदगियां बच सकती हैं।”

- *रॉब मार्टिन (Rob Martin), एक्टिंग फायर चीफ, ब्रैम्पटन फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज*

“सिटी ऑफ ब्रैम्पटन और ब्रैम्पटन फायर ने, सेवड बाइ द बीप (Saved by the Beep) अभियान के साथ टेस्ट योर स्मोक अलार्म डे का प्रचार करने के लिए उम्मीद से अधिक काम किया है। ज़िंदगी बचाने वाले यह संदेश देने के लिए ब्रैम्पटन के जो रचनात्मकता दिखाई है, वह बेहद सराहनीय है। ब्रैम्पटन और ओ.एफ.एम. ने मिलकर जो प्रयास किए हैं, वे देखकर मुझे बहुत खुशी हो रही है, जो दर्शाता है कि मिलकर काम करना, बदलाव को प्रभावित कर सकता है, जो हमें ओनटैरियो को आग से सुरक्षित रखने में दिखाना आवश्यक है।”

- *जॉन पेग (Jon Pegg), फायर मार्शल*

-30-

कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 70,000 लोगों और 90,000 से अधिक कारोबारियों का घर है। हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

मीडिया संपर्क
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca